Class - 5
Subject - HINDI
पाठ – 7 वायु प्रदूषण

1. शब्दार्थ :–

प्रदत्त – दी गई
ग्रसित – प्रभावित
विचित्र – अजीब
अंधाधुंध – बिना सोचे समझे
प्रदूषण – गंदगी / अस्वच्छता
अंकुश – रोक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. जीने के लिए हमें भोजन के साथ–साथ और क्या चाहिए?
उत्तर जीने के लिए हमें भोजन के साथ–साथ स्वच्छ वायु चाहिए।
ख. वातावरण में ऑक्सीजन का संतुलन कैसे बनता है?
उत्तर वातावरण में ऑक्सीजन का संतुलन पेड़–पौधों की सहायता से बनता है।
ग. प्रदूषित वायु में साँस लेने से क्या होता है?
उत्तर प्रदूषित वायु में साँस लेने से शरीर रोग–ग्रस्त हो जाता है।
घ. पेड़–पौधे कौन–सी गैस छोड़ते हैं?
उत्तर पेड़–पौधे ऑक्सीजन गैस छोड़ते हैं।
ङ वायु प्रदूषण से बचने का एकमात्र उपाय क्या है?
उत्तर वायु प्रदूषण से बचने का एकमात्र उपाय स्वच्छता है।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. नगरों में ज्यादा वायु प्रदूषण क्यों होता है?
उत्तर नगरों में ज्यादा वायु प्रदूषण अनेक कारणों से होता है। जैसे – अत्यधिक जनसंख्या के कारण, मोटर–गाड़ियों से निकलने वाले विषैले धुओं के कारण तथा कल–कारखानों की चिमनियों से निकलने वाले दूषित गैसों एवं धुओं के कारण।
ख. वायु प्रदूषण किन–किन कारणों से होता है?
उत्तर वायु प्रदूषण निम्नलिखित कारणों से होता है –

1. मोटरगाड़ियों से निकलने वाले धुओं से।
2. पेड़–पौधों की कटाई के कारण।
3. कारखानों से निकलने वाले विषैले धुओं से।
4. कूड़े–कचरों के ढेरों के कारण।

ग. गाँव में वायु प्रदूषण के मुख्य कारण क्या हैं?
उत्तर गाँव में वायु प्रदूषण के मुख्य कारण खुले में शौच करना, कूड़े–कचरों का इधर–उधर फेंकना तथा नाली की उचित व्यवस्था न होना।

घ. वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या–क्या करना चाहिए?

उत्तर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय करना चाहिए –

1. पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगानी चाहिए।
2. जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश लगाना चाहिए।
3. कल–कारखानों को धुआँरहित बनाना चाहिए तथा उसे शहर से दूर स्थापित करना चाहिए।
4. धुआँरहित मोटर–गाड़ियों की व्यवस्था करनी चाहिए।
5. नाली की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

ङ जनसंख्या वृद्धि के कारण वायु कैसे प्रदूषित होती है?

उत्तर जनसंख्या वृद्धि के कारण वातावरण में कार्बन डाइ–ऑक्साइड की मात्रा बढ़ती जा रही है। जनसंख्या वृद्धि के कारण पेड़–पौधों की संख्या में कमी होने लगी है। इससे हवा में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो गई है। इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि के कारण वायु प्रदूषित होती है।

4. मूल्यपरक प्रश्न

क. वायु प्रदूषण रोकने में आप क्या योगदान दे सकते हैं?

उत्तर वायु प्रदूषण रोकने में हम निम्नलिखित योगदान दे सकते हैं –

1. कल कारखानों में ऊँची चिमनियाँ बनवाकर।
2. अधिक से अधिक पेड़ लगाकर।
3. कूड़ा–करकट को कूड़ेदान में डालकर।
4. धुआँरहित मोटर–गाड़ियों का प्रयोग करके।
5. अपने आस–पास सफाई रखकर।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए।

क. हमारे फेफड़े में पहुँचने वाली हवा कैसी होनी चाहिए?

स्वच्छ हवा ✓ प्रदूषित हवा ठंडी हवा

ख. कल–कारखानों से निकलने वाला धुआँ वायु को क्या करता है?

प्रदूषित ✓ गरम ठंडा

ग. हमें जीवित रहने के लिए कौन–सी गैस की जरूरत होती है?

कार्बन डाइ ऑक्साइड ऑक्सीजन ✓ नाइट्रोजन

6. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' या 'नहीं' में दीजिए –

क. क्या प्रकृति प्रदत्त वायु स्वच्छ होती है? हाँ

ख. क्या वायु के बिना हम जीवित रह सकते हैं? नहीं

ग. क्या धुएँ से वायु प्रदूषित होती है? हाँ

घ. क्या पेड़–पौधे ऑक्सीजन गैस छोड़ते हैं? हाँ

ङ क्या पेड़–पौधे कार्बन डाइ–ऑक्साइड गैस बाहर छोड़ते हैं? नहीं